लोकसभा आम चुनाव व राम नवमी के मद्देनजर एस.एस.बी. कमान्डेंट और पुलिस अधीक्षक ने भारत–नेपाल सीमा का किया भर्मण

संवाददाता सूरज वर्मा

श्रावस्ती। रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमान्डेंट 62वीं वाहिनी स.सी.बल भिनगा के नेतृत्व में एवं श्री घनश्याम चौरसिया, पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती की उपस्थिति में एस.एस.बी. व उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ संयुक्त गश्त का आयोजन किया गया है। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने अपने जवानो के साथ 'जी' समवाय सुईया के कार्यक्षेत्र सीमा स्तम्भ संख्या 633/2 से 633/3 तक संयुक्त गश्त किया और भारत–नेपाल सीमा पर सीमा सुरक्षा का जायजा लिया। इस संयुक्त गश्त का मुख्य उद्देश्य लोकसभा आम चुनाव को देखते हुए भारत–नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ाना, सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियो पर नियंत्रण करना है । लोकसभा आम चुनाव व राम नवमी के मद्देनजर 62वीं वाहिनी की सभी समवाय /सीमा चौकियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है । एस.एस.बी. एवं उत्तर प्रदेश पुलिस दोनों भारत– नेपाल सीमा पर लगातार संयुक्त गश्त कर रही है एवं मोबाइल चेक पोस्ट लगाकर सीमा पार आने–जाने वाले नागरिको का गहन तलाशी, पहचान पत्र की जाँच व पूछ–ताछ की जा रही है । मोटर साईकिलों एवं वाहनों की भी सघनता से तलाशी व बिना सुरक्षा जाँच के किसी भी नागरिक को आने–जाने नही दिया जा रहा है। सीमावर्ती गांवों में एस.एस.बी. व पुलिस खुफिया तंत्र भी अलर्ट पर रखे गए है । इस दौरान श्री सोनू कुमार, उप कमान्डेंट के साथ अन्य बल कार्मिक और उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्मिक उपस्थित रहें।

ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक डीएम, एसपी व एसएसबी के साथ सम्पन्न

- ग्राम सुरक्षा समिति सुरक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण : डीएम

अराजक तत्वों की तत्काल सूचना उपलब्ध करायें ग्रामवासी : एसपी

डेली न्यूज नेटवर्क

श्रावस्ती। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया व एस०एस०बी० कमाण्डेंट आर०के० राजेश्वरी की उपस्थिति में विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भरथा के ग्राम सल्ईपुरवा में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए ग्राम वासियों से सहयोग की अपील की तथा चुनाव के दौरान बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु अपील किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम वासियों से चुनाव से संबंधित उनकी समस्याओं को भी सुना। उन्होंने कहा कि ग्राम सुरक्षा समिति देश की सुरक्षा व्यवस्था का एक अहम हिस्सा है। प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी जाति या समुदाय का हो, उनके ऊपर सबसे पहले देश की जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि यह जनपद भारत-नेपाल देश के साथ खुली सीमा बनाता है, जहां से कोई भी आ सकता है और जा भी सकता है। नेपाल के साथ हमारे देश के मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध है। इसलिए बार्डर पर दोनों देशों के नागरिकों को किसी भी प्रकार की रोक-टोक नही है। समस्या तब होती जब किसी तीसरे संदिग्ध व्यक्ति द्वारा सीमा में प्रवेश किया जाता है। इसलिए ग्राम सुरक्षा समितियों का दायित्व है कि हर गतिविधि पर नजर रखें और हर सूचना को प्रशासन एवं पुलिस तक तत्काल पहुंचायें।

पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों से संवाद करते हुए कहा कि पुलिस विभाग द्वारा सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। निर्वाचन को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने ग्राम वासियों से शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों की सूचना देने हेतु अपील किया। एसएसबी कमाण्डेंट ने कहा कि शान्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने में ग्राम वासियों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि ग्राम सुरक्षा समितियों के सदस्य आगामी लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए सजग रहें। कोई भी गतिविधि होने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें। जिससे सभी प्रकार की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा सके।